
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 नवरात्रि पर उमड़ रहा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

13 एसपी रामकृष्ण ने सुनी आमजनों की समस्याएं


### जनपद पंचायत बेमेतरा में शासन की योजनाओं पर इस तरह लगाया जा रहा पलीता

# लाखों खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालय, अधिकांश में लटक रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

जनपद पंचायत बेमेतरा के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय भावनाओं का निर्माण तो कर दिया गया लेकिन इन शौचालयों में सिर्फ ताले लगे हुए हैं। हालत यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का क्षेत्र में एक तरह से पलीता लगा रहा है। लोग खुले में शौच जाने मजबूर हो रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सामुदायिक शौचालय को बने हुए तीन से चार साल बीत गए हैं लेकिन आज भी कई ग्राम पंचायत के शौचालय के दरवाजे पर ताले लटक रहे हैं। वहीं, कई सामुदायिक शौचालय का अधूरा निर्माण कर यथा स्थिति छोड़ दिया गया है। 2020-21 में 3 से 4 लख रुपए की लागत से बना शौचालय बंद होने से स्थानीय लोगों का इसका लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि सरकार की इस योजना का उद्देश्य लोगों को सुलभ प्रसाधन का लाभ पहुंचाना है। इसी तरह कागजों पर हर पंचायत को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। इसके लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर हर पंचायत क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है।




### 3 साल पहले हुआ निर्माण

आपको बता दें जनपद पंचायत बेमेतरा के कई ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 4,00,000 की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, जबकि सामुदायिक शौचालय भवन तो बने 3 वर्ष हो गए, लेकिन आज भी दरवाजे पर ताले लटके हैं। वहीं, कई ग्राम पंचायत में शौचालय बना तो दिया गया है, लेकिन शौचालय के अंदर कूड़ा करकट भरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच और सचिव द्वारा जैसे-तैसे शौचालय भवन बनवा दिया गया, लेकिन बाकी राशि को डकार गए। तब से शौचालय जस का तस पड़ा हुआ है। इसका लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा। ग्रामीण दर्जनों बार शौचालय सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर संवाद संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को सुलभ प्रसाधन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# स्वास्थ्य मितानों को 4 माह से नहीं मिला वेतन, परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मंत्री से लेकर अधिकारियों तक लगाई गुहार, पर सब बेकार

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत राज्य शासन से अनुबंधित कंपनी(टीपीए) के अंतर्गत स्वास्थ्य मितान की भर्ती की गई थी जो कि पूरे राज्य में लगभग 700 की संख्या में कार्यरत हैं। विगत 4 माह से कंपनी द्वारा इन स्वास्थ्य मितान को वेतन भुगतान नहीं किया गया है, जिससे सभी स्वास्थ्य मितान के सामने आर्थिक संकट आ पड़ा है।

बेमेतरा जिले से स्वास्थ्य मितान इंदल सिन्हा, नरेंद्र साहू, देवचरण साहू सहित अन्य ने कहा कि वर्तमान में नवरात्रि, दशहरा और आगे दीपावली जैसे त्योहार है जिससे सभी कर्मचारी आर्थिक और मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। पिछले माह ही कोरबा जिले में कार्यरत काशीराम पटेल (स्वास्थ्य मितान) जो कि सीएमएचओ



ऑफिस कोरबा में कार्यरत है, जो एक ट्रक दुर्घटना के शिकार हो गए, उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी जो कि 5 माह की गर्भवती और एक बच्चा है इतना कुछ होने के बाद भी कंपनी ने किसी भी प्रकार का कोई सहयोग मृतक के परिवार को नहीं किया। वेतन से संबंधित और काशीराम पटेल के आर्थिक मदद के लिए पूरे राज्य के स्वास्थ्य मितान रायपुर स्वास्थ्य मंत्री से उनसे निवास में मिले और इससे पहले भी 2 से 3 जिले के स्वास्थ्य मितान मंत्री को विलंब वेतन के संबंध में अवगत कराए थे। इस पर मंत्री ने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा-करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ॥

# खाद्य मंत्री बघेल ने 70 स्व सहायता समूह की महिलाओं को बांटे 3.5 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कहा - राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए तत्पर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल नगर पंचायत नांदघाट में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित स्व-सहायता समूह के ऋण स्वीकृति शिविर में शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री श्री बघेल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन( बिहान) के तहत गठित 70 महिला स्व सहायता समूहों को 3.50 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृति का चेक वितरण किया।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए तत्पर है। महिलाओं के लिए राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर लाभान्वित कर रही है। प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्येक माह एक-एक हजार रूपए की राशि महतारी वंदन योजना से प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आजीविका संवर्धन को बढ़ाने में मदद मिलेगी और महिलाएं स्वयं की व्यासायिक गतिविधियों से आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। श्री बघेल ने कहा कि यह लोन महिलाओं की आजीविका को और प्रोत्साहन देगा और वे व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, डीपीएम ब्रांच मैनेजर, पीआरपी व स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।




# विधायक दीपेश ने मोहभट्ठा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 12 लाख की लागत से होगा भवन का निर्माण

विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में 12 लाख की लागत राशि से बनने वाले नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

इस दौरान पूरे गांव की महिलाओं, बच्चों, युवाओं समेत बुजुर्गों ने छत्तीसगढ़िया परंपरा से भव्य स्वागत किया। उसके बाद विधायक दीपेश साहू ने 12 लाख की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है, उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनबाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हें बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

विधायक साहू ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। मेरी संकल्पना है कि बेमेतरा विधानसभा को हर सुविधाओं से सुसज्जित कर सकूं। आज मैं हर गांव में पहुंचने का प्रयास कर रहा हूं और गांव से जो विकास कार्यों की मांग की जा रही है उसे यथा सम्भव पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। ▶▶| शेष पेज 13 पर




### खबर संक्षेप

### वाहन चालक ज्यादा किराया वसूले, तो यहां करें शिकायत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित प्रक्रम वाहनों पर निर्धारित किराया दर एवं किराया से छूट प्राप्त योग्य व्यक्तियों की जानकारी के संबंध में फ्लैक्स बनाकर जिले के मुख्य नगरों के बस स्टैण्ड बेमेतरा, साजा, नवागढ़, बेरला, थानखम्हरिया, देवकर, नांदघाट, संबलपुर में दृष्टिगत स्थल पर लगाया गया है। साथ ही समस्त प्रक्रम वाहनों में किराया सूची से संबंधित रेडी रेकनर चस्पा किया गया है। साथ ही परिवहन विभाग की वेबसाईट में बस फेयर कैल्कुलेटर ऑप्शन में जाकर दिये गये लिंक के माध्यम से दूरी के हिसाब से किराया की गणना की जा सकती है। प्रक्रम वाहनों से यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से कहा गया है कि यात्रा करते समय वाहन के परिचालक द्वारा लिये जाने वाले किराये का मिलान उक्त सूची से करने के बाद ही किराया का भुगतान करें। यदि कोई वाहन मालिक अधिक किराया वसूलता है, तो इसकी शिकायत टिकट के साथ लिखित आवेदन कर जिला परिवहन कार्यालय में की जा सकती है।

### तापमान में आई गिरावट

**भिलाई।** मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे फिर बूंदा-बूंदी गिरने से मौसम के तापमान में आई गिरावट जिससे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली।

# एएसपी तेजराम पदोन्नत, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में देंगे सेवाएं, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजराम पटेल को पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण पर मुख्यमंत्री सुरक्षा के लिए कार्यमुक्त किया गया। वहीं, उनके स्थानांतरण पर एक विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू व थाना/चौकी प्रभारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई देते हुए उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की।

स्थानांतरित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजराम पटेल जिले में लगभग 03 साल से पदस्थ थे। उनका कार्यकाल व गंभीर मामले में उनका अच्छा पर्यवेक्षण रहा और सफलता भी मिली। श्री पटेल ने बेमेतरा जिले में बिताये अपने अनुभव को उपस्थित स्टाफ के साथ साझा किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी श्री पटेल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनको उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपस्थित राजपत्रित अधीकारी एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ भी अति. पुलिस अधीक्षक तेजराम पटेल के साथ किये कार्यो का प्रशंसा कर अपने अनुभव को सांझा किये एवं नये जगह में जाने के लिए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस विदाई समारोह में जिले के पुलिस अधिकारियों सहित थाना/चौकी प्रभारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



# लोगों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी, ठगी से बचने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस ने चलाया अभियान

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के माध्यम से आमजनों के बीच पुलिस टीम पहुंच कर जागरूक किया जा रहा है।

इसी के क्रम में पुलिस चौकी देवरबीजा, संबलपुर, मारो एवं खण्डसरा स्टाफ ग्राम देवरबीजा, खेडा, अमोरा, नारायणपुर, खुरूसबोड में आमजनों को साइबर फ्राड, फर्जी काल, ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए "हमर पुलिस हमर बजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान की शुरुआत किया गया हैं ।पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सउनि रेशम लाल भास्कर, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुरेश सिंह, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर एवं अन्य स्टाफ ने अपने अपने क्षेत्र के इन ग्रामों में ग्रामवासियों को सायबर, फर्जी काल, ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो व अन्य अपराधों पर जहां चर्चा की वही साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी बारे में बताया ओर। सायबर पहरी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। ग्रामवासियों को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।




### संजारी अष्टमी हवन कल

डौंडीलोहारा। ग्राम संजारी स्थित मां शीतला धाम मंदिर में नवरात्रि पर ज्योति कुल 225 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। यहां हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम 11 अक्टूबर को रखा गया है।

# युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में बढ़ गए 3 मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेमेतरा विधानसभा में एक व नवागढ़ में दो नए मतदान केंद्र बनाए गए

भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के बाद 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण अब जिले में 3 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में 1 एवं 70 नवागढ़ में 2 नये मतदान केन्द्र बनाये गए गए हैं। वहीं, विधानसभा 68 साजा के 01 एवं 69 बेमेतरा के 05 मतदान केन्द्र में अनुभाग परिवर्तन किया गया है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के पूर्व निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गई है। इसके अंतर्गत 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के मतदान केन्द्र 239 धमधा के अनुभाग क्रमांक 02 एवं 03 को मतदान केन्द्र क्रमांक 241 धमधा में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 13-बेमेतरा के अनुभाग 01 की मतदान केन्द्र क्रमांक 12 में, मतदान केन्द्र क्रमांक 26-बेमेतरा के अनुभाग 06 एवं 07 को उसी परिसर में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 27 में, मतदान केन्द्र क्रमांक 32-कोबिया के अनुभाग 03 एवं 04 को मतदान केन्द्र 33 में, तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 191 बेरला क के अनुभाग 13 एवं 14 को उसी परिसर में स्थित मतदान केन्द्र 192 बेरला ख में तथा मतदान केन्द्र 194 बेरला ग के अनुभाग 1 एवं 02 को मतदान केन्द्र 193 बेरला में स्थानांतरित किया गया है।

### 1500 से अधिक मतदाता होने पर किया गया युक्तियुक्तकरण

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 28 मोहभट्ठा को विभाजित कर 01 नये मतदान केन्द्र 29 मोहभट्ठा बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केन्द्र 148 नवागढ़ में छीतापार के ग्रामीण मतदाता शामिल थे, जिसे विभाजित कर नये मतदान केन्द्र 150 छीतापार बनाया गया है। निर्वाचन आयोग से नये मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव को अनुमोन प्राप्त होने के बाद जिले के विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा मतदान केन्द्रों की संख्या कुल 268 एवं 70 नवागढ़ में 300 मतदान केन्द्र हो गई है। मतदान केन्द्रों की अद्यतन सूची का जिले के वेबसाईट में अवलोकन किया जा सकता है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

हरिभूमि
पाठक सूचना
देवकर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियां समाचारों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
नवीन ताम्रकार
संवाददाता, देवकर
ताम्रकार न्यूज एजेंसी
पता : महावीर चौक, देवकर
मो. 9893509468

## खबर संक्षेप

### 25 सौ वर्गफीट में बनेगा महतारी सदन, 179 की स्वीकृति




**रायपुर।** प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रयास से 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्रीशर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकिल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 29.20 लाख रुपए होगी। उक्त कार्य महतारी सदन योजना के बजट से 24.70 लाख तथा स्वच्छ भारत मिशन के बजट से 4.50 लाख के अभिसरण से किया जाएगा।

### चंद्रभूषण फिर बने उत्तर भारत समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** उत्तर भारत समाज कल्याण समिति टाटीबंध हीरापुर में चुनाव की प्रक्रिया में कांटे की टक्कर के साथ उत्तर भारतीय सदस्यों ने अपने बहुमूल्य मतों से चंद्रभूषण शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए पुनः जीत दिलाई। सुबह से ही चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। श्री शर्मा ने अध्यक्ष पद के कार्यकाल में छठ पूजा के साथ भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण चुईयां तालाब में कराया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर भारत समाज हमेशा से समरसता को प्राथमिकता देते चल रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के साधन तथा नशामुक्ति अभियान को लेकर भी जागरूकता उपलब्ध कराने के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। इस कार्यकाल में समाज के नाम 50 कमरे का भव्य स्कूल निर्माण होना है।

### वनमंत्री के ओएसडी बने काण्डे

**रायपुर।** प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित केएन काण्डे को वन एवं जलसंसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारिता विभाग के जारी आदेश के तहत श्री काण्डे को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ वन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री के निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने दी मान्यता

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा नातिन धोबिन दाई परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने मान्यता दी। यह जानकारी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने देते हुए बताया कि अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों ने समाज में शामिल होने के लिए विधिसम्मत तरीके से समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को आवेदन दिया था, जिस पर प्रदेश समाज ने सभी अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों के लिए प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर के नेतृत्व में समिति गठित कर बिंदुवार जांच कराई। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, समाज के अपनों को समाज से दूर अधिक दिनों तक नहीं रखा जा सकता, क्योंकि समाज के ही संतान हैं ये और जितने लोग भी विधिसम्मत आवेदन देंगे, उन सबको शामिल किया जाएगा।

# सरेंडर हुए 21 अहातों का टेंडर कल खुलेगा, इस बार 6 महीने के लिए बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

*रायपुर जिले में ठेकेदारों द्वारा सरेंडर किए गए 21 अहातों का टेंडर 10 अक्टूबर को दोबारा खोला जाएगा। इसके लिए 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 6 महीने खत्म हो चुके हैं, इसलिए इन अहातों को अब सिर्फ 6 महीने के ठेके पर दिया जाएगा। पिछली बार हुए टेंडर के दौरान विभाग द्वारा निर्धारित राशि की तुलना में लोगों ने बढ़-चढ़कर ऊंची बोली लगाई थी, जिसके कारण अहाते तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। यही कारण है कि ठेकेदारों को बाद में अहाता लेना घाटे का सौदा लगने लगा था, क्योंकि अहाता से होने वाली कमाई से लागत राशि भी निकलना मुश्किल हो गया था।*

#### इन अहातों के लिए खुलेगा टेंडर

| | |
|---|---|
| देशी गंजपारा कम्पोजिट | देशी रिंग रोड नं.2 |
| देशी मोवा पंडरी | विदेशी जीई रोड |
| देशी कम्पोजिट नेवरा | विदेशी रायपुरा |
| देशी खरोरा | विदेशी सरोना मार्ग रायपुरा |
| देशी आरंग | देशी सिलतरा |
| विदेशी सिलतरा | विदेशी खरोरा |
| कम्पोजिट गुल्लू | विदेशी मंदिर हसौद |
| विदेशी कुर्रा गुढ़ियारी | विदेशी डूमरतराई पचपेड़ी नाका |
| देशी कम्पोजिट ग्राम टंडवा बैकुंठ | देशी कम्पोजिट उरला रायपुर |
| देशी कम्पोजिट लखौली | देशी मदिरा माना |
| विदेशी लालपुर | |

#### 6 महीने का ठेका इसलिए कीमत भी कम

*विभाग ने पिछले बार 11 महीने के लिए अहाता का टेंडर निकाला था। इस बार 6 वित्तीय वर्ष के 6 महीने बीत चुके है, इसलिए अब 6 महीने के लिए टेंडर निकाला गया है। महीना कम होने के कारण विभाग ने महीने के हिसाब से टेंडर की राशि भी कम कर दी गई है। इसके अनुसार ही आवेदक बोली लगाएंगे। हालांकि पिछले बार महंगे में अहाता खरीदने की जो गलती ठेकेदारों ने की थी उससे सबक लेते हुए इस बार लोग निर्धारित बोली से ज्यादा कीमत लगाने से बचेंगे।*

#### 6 महीने के लिए टेंडर

6 महीने के लिए सरेंडर 21 अहातों का रीटेंडर निकाला गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। 10 तारीख को टेंडर ओपन किया जाएगा। जिसकी बोली सबसे अधिक होगी, उसे ठेका मिलेगा।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

#### 94 लाख 47 हजार में गया था 31 लाख 15 हजार का गंजपारा अहाता

रायपुर शहर का गंजपारा स्थित देशी कम्पोजिट अहाता का विभाग ने 31 लाख 15 हजार रुपए तय किया था जो बोली के बाद 94 लाख 47 हजार रुपए में गया था। यह अहाता जिले में सबसे महंगा बिका था। इसी तरह अन्य अहाते भी तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। ठेकेदारों ने अहाता महंगा तो ले लिया, लेकिन जब अहाता संचालन से कमाई शुरू हुई तो उसे देखकर ठेकेदारों के पसीने छूटने लगे। ठेकेदारों ने अनुमान लगाया था कि अहाता से उन्हें लागत से दो से तीन गुना कमाई होगी, लेकिन जब अहाता के प्रतिदिन की कमाई आने लगी तो ठेकेदारों को अहसास होने लगा कि उन्होंने महंगा आहत खरीदकर बड़ी गलती कर दी है।

### तक्षशिला लाइब्रेरी में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी का लिया स्वाद

# लाइब्रेरी, बीपीओ और इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं के बीच पहुंचे डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों का निरीक्षण किया। वे घड़ी चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर, मोतीबाग के पास तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन पहुंचे। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने फरा चटनी का स्वाद लिया। मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं से मिलकर उनकी पढ़ाई-लिखाई का हाल पूछा। ट्रैफिक नियंत्रण और सर्विलेंस के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमॉन्ड सेंटर तथा भाठागांव बसस्टैंड में विकसित किए जा रहे को-वर्किंग प्लेस का भी निरीक्षण किया।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राजधानी की मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर भ्रमण के दौरान वहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की। इस दौरान श्री साव ने बीपीओ में काम कर रहे युवाओं से कार्य अनुभव और करियर के बारे में पूछा। मंत्री अरुण साव ने हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित कोचिंग-क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की मौजूदगी में 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

#### तक्षशिला में कैंटीन की व्यवस्था देखी

श्री साव ने तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन और लाइब्रेरी का भ्रमण कर विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी में संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन की व्यवस्था देखी। यही नहीं कैंटीन में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी, सैंडविच और कुल्हड़ में चाय का स्वाद भी लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, रूचियों, करियर और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। श्री साव ने जयस्तंभ चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर 'आरंभ' का भी अवलोकन किया। वे यहां ई-कॉमर्स, स्टार्ट-अप और ई-मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मिलकर उनके कार्यों से अवगत हुए।

# हरियाणा की जीत पर भाजपा ने जलेबी खाकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर राजधानी में भाजपा नेताओं ने जबर्दस्त जश्न मनाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य और जयघोष करके विजय जुलूस निकाला। भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को जलेबी खिलाकर भी जीत का जश्न मनाया। भाजपा नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन को भाजपा के प्रति बढ़ते जन विश्वास का परिचायक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने हरियाणा के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता-जनार्दन ने भाजपा के प्रति अपना अगाध विश्वास व्यक्त किया है। एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जेक्ट पोल ने आईना दिखा दिया है। इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हरियाणा की जनता के हम आभारी हैं कि उसने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर विश्वास किया, जिसकी वजह से हरियाणा में कुशासन, अन्याय, अत्याचार, आतंक और भ्रष्टाचार के कांग्रेसी मंसूबे धराशायी हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरियाणा के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा समेत देश की जनता को बधाई देते हुए कहा, हरियाणा के हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी अविश्वास है, जिसका असर चुनाव परिणाम में दिखा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, जातिवाद और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण का जहर फैलाने में लगी कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके देश को अराजकता की दिशा में धकेलने का जो षड्यंत्र रचा था, हरियाणा की जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है।

## सौरभ बोले- ठगी का भगोड़ा घोषित आरोपी से अपने रिश्तों का खुलासा करें भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा, कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी ठगी के आरोपित के भगोड़ा घोषित होने के मद्देनजर श्री सिंह ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को उक्त आरोपी से अपने रिश्तों को सार्वजनिक करना चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में न केवल प्रदेश के खजाने में डाका डाला गया, हजारों करोड़ रुपए के घपले-घोटाले करके प्रदेश की जनता का हक मारा गया, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को राजनीतिक संरक्षण देकर लूट मचाने की खुली छूट दी गई। श्री सिंह ने कहा, 15 करोड़ रुपए की ठगी करके और उसका पुत्र फरार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का इस ठग के साथ क्या रिश्ता था, यह जानने का अधिकार पूरे प्रदेश को है, क्योंकि ठगी का यह आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लिए विशेष पूजा-पाठ करता था और इसी कारण बघेल का अक्सर उसके बिलासपुर स्थित निवास में आना-जाना लगा रहता था। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के अलावा सरकार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क में भी वह था। भगोड़ा घोषित पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

## संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में कुप्रशासन अव्यवस्था, सालभर लागू रहेगी धारा 52

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के क्रियाकलापों में कुप्रशासन अव्यवस्था, आंतरिक विवाद एवं समन्वय के अभाव में स्वस्थ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण का अभाव पाया गया है। यही नहीं जन साधारण एवं छात्रों की दृष्टि में विश्वविद्यालय के प्रति विश्वसनीयता में गिरावट आई है। यह मानना है राज्य सरकार का। इसी वजह से इस विश्वविद्यालय में सरकार ने एक साल के लिए धारा 52 लगा दी है। इस विश्वविद्यालय में कुलपति एवं कुलसचिव भी विवादित हुए थे, उन्हें भी कुछ समय पर सरकार ने हटाया था। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि विश्वविद्यालय में ऐसी परिस्थिति निर्मित हो गई है जिससे संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रशासन उक्त विश्वविद्यालय के हितों के अपाय किए गए बिना, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1972 की धाराओं के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता और यह कि ऐसा करना विश्व विद्यालय के हितों के समीचीन है।

# राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्डों का होगा डिजिटलाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्ड को हमेशा के लिए सुरक्षित करने के लिए अब उनका डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। रायपुर जिले की प्रभारी सचिव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव निहारिका बारीक ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकार्ड को डिजिटलाइजेशन कराने के साथ लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- **रायपुर जिले की प्रभारी सचिव निहारिका बारीक ने ली विभागीय समीक्षा बैठक**

#### नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश

प्रभारी सचिव ने बच्चों और युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाने नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने तथा बेहतर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ लोकेश पटेल, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### सड़क दुर्घटना रोकने आवारा मवेशियों के रंगे जाएंगे सींग

प्रभारी सचिव ने बैठक में जिले के मुख्य मार्गों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पशुधन विभाग को आवारा मवेशियों के सींग में गुणवत्तायुक्त रंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे वाहन चालकों को रात के अंधेरे में दूर से ही सड़कों पर बैठे मवेशी नजर आएंगे, जिससे दुर्घटनाएं भी नहीं होंगी। उन्होंने मवेशियों के बैठने के लिए चबूतरा बनाने तथा गांवों में चौपाल लगाकर मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

### रेकी के बाद बनाते थे योजना

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रेकी करने के बाद योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो लोगों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने सितंबर में शहर के कुशाभाउ ठाकरे एवं श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब कालोनी के सूने दो मकानों में वारदात को अंजाम देकर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री के साथ 1 पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 2 मैग्जीन, चाकू-कटर सहित वारदात में प्रयोग की गई स्कूटी और कार जब्त की है।

- **कुशाभाऊ ठाकरे एवं श्रीराम हेरिटेज कालोनी के सूने मकानों में दिया था वारदात को अंजाम**

सिविल लाइंस स्थित पुलिस कंट्रोलरूम में चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सिविल लाइंस थाना में प्रार्थी हनुमान प्रसाद दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब में मकान है। 28 सितंबर को वह घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। शाम को घर की नौकरानी की सूचना पर जब वह घर पहुंचा, तो घर का कुंदा टूटा हुआ था और उसके घर की अलामारी में रखे 1 लाख 82 रुपए चोरी हो गए थे। इस दौरान चोर उसके पड़ोसी सुरेश बिजलानी के घर का भी ताला तोड़कर सोना चांदी एवं डायमंड के जेवरात कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए।

#### सीसीटीवी फूटेज से मिले सुराग

पुलिस को जांच के दौरान सीसीटीवी के फूटेजों के आधार पर आरोपियों का सुराग मिला। इस वारदात को अंजाम देने आरोपी स्कूटी से पहुंचे थे। स्कूटी का आखिरी फूटेज धमतरी में मिला। इसके बाद पुलिस ने इस वारदात के मास्टर माइंड किरन बबन पाटिल निवासी ग्राम छाती कुरुद को पकड़ा। यह आरोपी मूलतः कुमाठे तासगांव थाना कोल्हापुर सांगली पुणे महाराष्ट्र का रहने वाला है, जो पिछले कई माह से अपनी पत्नी के साथ यहां रह रहा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इस चोरी के लिए उसने अपने साथी संदीप लक्ष्मण भोसले 36 वर्ष निवासी वस्तु फारेस्ट हाउसिंग सोसाइटी पुणे को बुलाया था। दोनों ने पहले रेकी की। इसके बाद योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

## महादेव सट्टा एप : 4 आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बहुचर्चित महादेव सट्टा एप्प मामले में जेल में बंद सहदेव सिंह यादव, भारत ज्योति उर्फ भास्कर, विश्वजीत राय चौधरी एवं अतुल सिंह के विरुद्ध मंगलवार को ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय में पूरक चालान पेश किया है। ब्यूरो की टीम ने इन चारों को बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य से गिरफ्तार किया था।

***इन धाराओं के तहत चालान पेश :*** ब्यूरो ने चारों आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश किया है। इन सभी के विरुद्ध कई धाराएं लगाई गई हैं। इसके तहत भा.द.वि. की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 एवं 201, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथासंशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018) की धारा 7 एवं 7 ए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 4, 7, 8 एवं 11 एवं सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 (यथासंशोधित सार्वजनिक द्यूत (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, 1976) की धारा 4क के अंतर्गत विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) रायपुर में पूरक अभियोग पत्र आज पेश किया गया है।

### एम्स की डाक्टर ने जीती जयपुर में गायन स्पर्धा

**रायपुर।** एम्स के सूक्ष्मजीवविज्ञान की सहायक प्रोफेसर, डॉ. माधवी ने वॉयस ऑफ डॉक्टर्स (वीओडी) सीजन 2 में डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता जीतकर एक शानदार उपलब्धि हासिल की। यह डॉक्टरों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता है। जयपुर में आयोजित इस स्पर्धा में पूरे देश से सात हजार डाक्टर शामिल हुए। प्रारंभिक ऑनलाइन राउंड में, उन्होंने छत्तीसगढ़ से सोलो गायन में प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। फाइनल राउंड 27 से 29 सितंबर के बीच जयपुर, राजस्थान में लाइव आयोजित किए गए, जहाँ डॉ. मडके ने अपने डुएट पार्टनर, डॉ. महेश चौधरी (मुंबई, महाराष्ट्र) के साथ मिलकर डुएट श्रेणी में जीत हासिल की।

# मेडिकल की डगर कठिन, 655 तक गया रायपुर में यूआर का स्कोर, कांकेर में 596 अंकों पर अंतिम एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पिछले साल की तुलना में इस बार मेडिकल कालेज में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों को कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ी। 720 अंक की प्रवेश परीक्षा में 655 अंक प्राप्त करने वाले अनारक्षित वर्ग के छात्र को ही रायपुर मेडिकल कालेज में सीट मिल सकी। शासकीय कालेज में अंतिम एडमिशन 596 अंकों पर कांकेर कालेज में हुआ। पिछले साल की तुलना में इस बार एडमिशन के लिए 66 नंबर ज्यादा लाने पड़े। यूआर के साथ ओबीसी सहित अन्य वर्ग को भी सरकारी कालेज में एडमिशन पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

राज्य के छह शासकीय कालेजों में राज्य कोटे की निर्धारित सीटों पर एडमिशन हो चुका है। चार कालेजों में कुल पांच सीटें खाली है, जिसमें प्रवेश मॉपअप के साथ पूरा होगा। इस बार नीट में प्राप्तांक बढ़ने की वजह से काउंसिलिंग शुरू होने के पहले एडमिशन के लिए ज्यादा मेहनत करने वालों को सफलता मिलने का अनुमान विशेषज्ञों ने लगाया था। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद यह अनुमान पूरी तरह सही साबित हुआ। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार नीट में 66 अंक ज्यादा लाने वाले को शासकीय मेडिकल कालेज में स्थान मिल पाया है। मेडिकल की पढ़ाई के लिए छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र रहने वाले शासकीय कालेज रायपुर में पिछले साल की तुलना में इस बार अंतिम सीट पर एडमिशन के लिए 44 अंक का अंतर नजर आया है। रायपुर कालेज में नीट में 655 अंक का स्कोर बनाने वाले को स्थान मिल पाया वहीं शासकीय कालेज कांकेर में न्यूनतम 596 अंक लाने वाले यूआर केटेगरी के विद्यार्थी ही अपनी जगह बना पाए।

अनराक्षित वर्ग के साथ इस बार ओबीसी एसटी-एससी कैटेगरी के विद्यार्थियों को सरकारी कालेज में सीट पक्की करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

#### ओबीसी का स्कोर 645

अनारक्षित वर्ग के साथ ओबीसी केटेगरी की सीट प्राप्त करने के लिए भी इस वर्ग के विद्यार्थियों को भी खासी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। रायपुर में ओबीसी का अंतिम स्कोर 654 रहा और एसटी वर्ग के विद्यार्थी के 572 अंक अर्जित करने वाले को अंतिम सीट मिल पाई। एसटी कोटे में 461 अंक लाने वाले ही जीएमसी रायपुर में सीट के हकदार बन सके।

## नर्सिंग प्रवेश, एक के पीछे दस का नियम, मिला चार सीट पर एक कैंडिडेट

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 फीसदी न्यूनतम अंक वाले उम्मीदवारों का टोटा नजर आ रहा है। बीएससी प्रवेश के स्ट्रे राउंड के लिए 4904 सीटे खाली हैं, जिसके लिए सूची में 1292 उम्मीदवार हैं और सूची के आधार पर 10 अक्टूबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मॉपअप राउंड के बाद रिक्त सीटों में भर्ती के लिए एक सीट के पीछे दस उम्मीदवार प्रावीण्य सूची के अनुसार दिया जाना होता है। बीएससी में एडमिशन के लिए अभी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू है और उपलब्ध सूची में नाम के अनुसार चार सीटों के पीछे एक उम्मीदवार मिल रहे हैं। राज्य में बीएससी की 7631 सीट है, जिसमें से 2717 में प्रवेश हो पाया है। अगले दो दिन में कुछ और एडमिशन होने का अनुमान है। इसके बाद रिक्त सीटों के लिए योग्य उम्मीदवार की तलाश में प्रवेश परीक्षा में जीरो परसेंट से पास होने वालों को भी एडमिशन देने का नियम लागू करने आईएनसी को पत्र व्यवहार किए जाने का दौर शुरू होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एमएससी नर्सिंग की अभी 434 सीटें खाली हैं, जिसके लिए पात्र उम्मीदवारों की संख्या 120 है।

- **बीएससी की 4904 सीट खाली, सूची में 1292 उम्मीदवार, 10 तक एडमिशन**

## खबर संक्षेप



### आईएमए ने जूनियर डॉक्टर एसो. का किया गठन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में चिकित्सकों की समस्याओं, उनके साथ आए दिन होने वाले दुर्व्यवहार की घटनाएं, मारपीट, तोड़फोड़ से परेशान एवं इसे रोकने के लिए आईएमए छत्तीसगढ़ की पहल पर राज्य में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का गठन किया गया है। आईएमए दुर्ग-भिलाई के वरिष्ठ चिकित्सकों, छत्तीसगढ़ आईएमए के पदाधिकारियों एवं श्री शंकरा मेडिकल कॉलेज, सीसीएस मेडिकल कॉलेज से जूनियर डॉक्टर के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर दुर्ग-भिलाई के साथ-साथ राज्य के हर मेडिकल कॉलेज में इसके गठन पर सहमति बनी। आईएमए दुर्ग शाखा के अध्यक्ष डॉ राजू भैंसारे ने बताया कि यह पहल पूरे देश में पहली बार छत्तीसगढ़ आईएमए द्वारा की गई है। आईएमए के चिकित्सकों के साथ जूनियर डॉक्टर मिलकर हर समस्या से निदान पाने की कोशिश करेंगे।

### विधायक ने 10 हजार सदस्य बनाने लक्ष्य पूरा किया

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रही सदस्यता अभियान चल रही है। इसी के तहत विधायक गजेंद्र यादव ने 10 हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूर्ण कर चुके हैं। इसके लिए उन्होंने जनता और कार्यकर्त्ताओ का आभार माना हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बनवाते हुए विधानसभा में 46912 से अधिक सदस्य बनवा चुके है। उन्होंने समस्त कार्यकर्त्ताओ से अपील किये है कि, 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत सदस्य बनाने कार्य करते रहे।

## पेज 11 के शेष

### स्वास्थ्य मितानों को ...

तुरंत संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी से दूरभाष पर वेतन से संबंधित समस्या दूर करने के लिए कहा, परंतु वेतन नहीं मिला। स्वास्थ्य मितानों ने बताया कि सभी स्वास्थ्य मितान पुराना नर्सेज हॉस्टल के पास स्थित कंपनी के ऑफिस गए। वहां से राज्य प्रबंधक रिजवान के साथ संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं नया रायपुर जाकर स्वास्थ्य मितान सहायक संचालक राज्य नोडल एजेंसी आयुष्मान भारत धर्मेंद्र गहवाई से मिलकर वेतन की समस्या से अवगत कराकर गुहार लगाई गई और ज्ञापन सौंपा। उसके बावजूद भी लगभग 5 माह पूर्ण होने के बाद भी वेतन नहीं दिया गया है। इसके कारण स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट आ गया है ।

### विधायक दीपेश ने ...

इस दौरान बलराम पटेल मण्डल अध्यक्ष, सुनील राजपूत, भूषण पाल सरपंच, उमा साहू उपसरपंच, दीना नाथ साहू, गणेश वैष्णव, प्रमोद गुप्ता, नरेश यादव, हेमलाल देवांगन, दशरथ चेलक, अनेश साहू, दीपक साहू, संतोष पाल समेत ग्रामीण माताए बहने बच्चे बुजुर्ग युवा साथी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तत्पर-बीआरटीएस की साढ़े चार साल बाद बढ़ीं 3 बसें, फिर भी 30 में 16 ही चल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से नवा रायपुर के मध्य यात्रियों को सुविधा देने के लिए एनआरडीए द्वारा तत्पर-बीआरटीएस अंतर्गत लाल रंग की एसीयुक्त सिटी बसें चलाई जा रही हैं। इन बसों में साढ़े चार साल के बाद 3 बसों की वृद्धि की गई है, जिससे यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस रूट पर 30 बसों के संचालन का टेंडर हुआ था, इसके तहत बसों की खरीदी भी की गई थी। शुरुआती कुछ वर्षों तक इस रूट में 30 बसों का संचालन भी किया जा रहा था, जिससे यात्रियों को हर 15 मिनट के अंदर बस हर स्टॉपेज पर मिल जाती थी, लेकिन मार्च 2020 के बाद से इस रूट पर सिर्फ 13 बसें ही संचालित की जा रही थीं, जिससे यात्रियों को आधे घंटे में बस मिल पा रही है। इसके कारण यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बसों में सीटों की क्षमता से ज्यादा यात्रियों को चढ़ाया जा रहा था, जिससे कईयों को खड़े होकर सफर करना पड़ता था। तत्पर-बीआरटीएस के कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शहर में पिछले साढ़े चार साल से 13 बस ही संचालित की जा रही हैं। ये बसें ही रायपुर से नवा रायपुर के बीच फेरे लगा रही हैं, वहीं 17 बसें नवा रायपुर स्थित डिपो में खड़ी हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पहले ज्यादा बसें चलती थीं, जिससे हर 15 मिनट में हर स्टॉपेज पर यात्रियों को बस मिल जाती थी, लेकिन कोरोना काल से बसों की संख्या आधे से कम होने के बाद से 30 मिनट के बाद यात्रियों को बस मिल रही है।

## शेल्टरों की स्थिति भी जस की तस, साढ़े चार साल से 17 बसें डिपो में खड़ी

### शेल्टरों की स्थिति में भी सुधार नहीं

हरिभूमि सरोकार

बीआरटीएस बसों के लिए रायपुर से नवा रायपुर के तक 13 शेल्टर बनाए गए हैं। इन शेल्टरों में टिकट ऑपरेटर का केबीन से लेकर यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था भी की गई है। इन शेल्टरों में टिकट लेने के बाद यात्रियों को शेल्टर के अंदर जाने के लिए डिजिटल एंट्री गेट भी बनाया गया था, जो खराब हो चुके हैं। इसके अलावा बसों का समय दर्शाने वाला डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी खराब पड़े हुए हैं। इसे भी अब तक सुधारा नहीं गया है।



### एनआरडीए अधिकारी भी नजर अंदाज किए हुए

पिछले साढ़े चार साल तत्पर-बीआरटीएस की 30 में 13 बसे चल रही थी। इसकी जानकारी एनआरडीए विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद इसे नजर अंदाज किए हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण बसों के संचालन का ठेका लेने वाली एजेंसी द्वारा भी मनमाने रूप से बसों का संचालन किया जा रहा है।

## आयोजन : शिक्षा के डिजिटलीकरण के लिए रखी गई प्रशिक्षण सह-कार्यशाला

# प्रधानपाठक व प्राचार्यों को दिया गया अपार और परख प्रणाली का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठक और प्राचार्यों को अपार और परख प्रणाली के लिए ज़िला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित की गई। पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के ज़रिये अपार प्रणाली के माध्यम से छात्र-छात्राओं का स्थायी शैक्षणिक खाता बनाया जाएगा, जिसमें उनकी पूरी शैक्षणिक यात्रा का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। प्रशिक्षण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक एस.पी. कोसले ने शिक्षकों को अपार आईडी की महत्ता और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली से शिक्षकों के व्यक्तिगत डेटा और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षिक सूचनाओं का प्रबंधन सुचारू रूप से किया जा सकेगा। इसके साथ ही, परख के संबंध में भी शिक्षकों को बताया गया, जिससे छात्रों की प्रगति का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन किया जा सके।

सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने कार्यशाला में अपार और परख की तकनीकी विशेषताओं के बारे में बताया। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा ने शिक्षकों को इन नई व्यवस्थाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्कूल प्रशासन और शिक्षकों के लिए छात्रों की प्रगति को ट्रैक करना आसान हो जाएगा।

परख प्रणाली के तहत शिक्षकों को मूल्यांकन और निगरानी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके जरिए शिक्षण और शिक्षार्थी दोनों के प्रदर्शन का आकलन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी साधनों का उपयोग, डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रियाएं भी शामिल थीं, जिससे शैक्षिक व्यवस्थाएं और अधिक संगठित और प्रभावी बनेंगी।

### शिक्षण प्रक्रिया में सुधार की पहल

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों प्रणालियों के क्रियान्वयन से शिक्षण प्रक्रिया में सुधार होगा और छात्रों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।एमआईएस प्रशासक खिरामन वर्मा और प्रोग्रामर नेहील वर्मा ने तकनीकी पहलुओं पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

### जिज्ञासाओं का किया गया समाधान

बैठक में उपस्थित सभी प्रधान पाठक और प्राचार्य इन नई तकनीकों को लेकर उत्साहित दिखे और उन्होंने इसे अपने विद्यालयों में जल्द लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रशिक्षण का समापन प्रश्नोत्तरी सत्र से हुआ, जिसमें शिक्षकों ने अपनी शंकाओं का समाधान पाया। आईडी और परख प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करना था, ताकि शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक और शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके।

# नारायणपुर में लगा शिविर 75 युवाओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

नारायणपुर में रक्त शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व भाव पूर्वक रक्तदान में भाग लेकर रक्तदान लोगों की भीड़ लगी रही। इसमें बिलासा ब्लड सेंटर की टीम की मौजूदगी में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत नारायणपुर के 75 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सरपंच बिसाहू राम साहू ने प्रशस्ति पत्र एवं सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सरपंच ने बताया कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी के मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे सामाजिक के कार्य करने चाहिए, ताकि जरूरतमंदों का भला हो सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है, साथ ही उस व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

क्योंकि यह किसी भी रक्तदान को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। एक यूनिट रक्त कई व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। कार्यक्रम में सरपंच बिसाहू राम साहू, विजय वर्मा, राजेश साहू, छेदी साहू, धर्मेंद्र गोस्वामी, अजय महाराज, निरंजन ठाकुर, राजकुमार साहू, सोनी साहू, राजेश वर्मा, डॉ ज्ञानेश्वर देवांगन, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# एसपी रामकृष्ण ने सुनी आमजनों की समस्याएं

बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए आम जनता समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान आने वाली सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। एसपी ने लोगों की समस्या को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से फोन पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने निर्देश दिये। इस दौरान तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं, गंभीर और जांच के आवेदनों को शिकायत में दर्ज करने और इनका निराकरण के निर्देश संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को दिए। इस दौरान एसपी रीडर विष्णु सप्रे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाजपा की हरियाणा जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ पटाखा फोड़कर एक दूसरे को दी बधाइयां

हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विजय एवं लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर दीपक नगर वार्ड नंबर 23 भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा के इस जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। ओपिनियन पोल के तमाम अनुमानों को झूठलाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में अपने अथक प्रयासों से पुनः सरकार बनाई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय जलकारे, ओम प्रकाश सोनी, बूथ अध्यक्ष हरीश साहू, बूथ अध्यक्ष शत्रुघ्न निर्मलकर, विशाल राजपूत, केदार पटेल, विनोद नागवंशी, प्रेम पटेल, सोनित, छोटू जैन, भोला उमरे, बुधनतीं निर्मलकर, द्रौपदी निर्मलकर, चंपा बाई, देवकी उमरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत डीटीओ ने ली बैठक



बेमेतरा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तहत बेमेतरा जिला को क्षय उन्मूलन/टी बी मुक्त जिला बनाना है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें पंचायत स्तर की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसी को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने बेमेतरा जिला में क्षय उन्मूलन अभियान की जमीनी स्तर पर उपलब्धि जानने जिला स्तरीय बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित कर समीक्षा की। इसके तहत टीबी मुक्त पंचायत से सम्बंधित 6 मापदंडों के आधार पर चर्चा करते हुए बेमेतरा जिला को क्षय मुक्त करने आवश्यक निर्देश ब्लॉक के सभी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर एवं सीनियर ट्रीटमेंट लेबोरेट्री सुपरवाइजर को दिए। बैठक में जिला क्षय केंद्र के डीपीसी संपत्ति बंजारे, पीपीएम यशवंत भारद्वाज,पीएमडीटी दिनेश जायसवाल, अकाउंटेंट भूमिका वर्मा, टीबीएचवी सुनील पात्रे के साथ बेमेतरा जिला के सभी ब्लॉक के एसटीएलएस,एसटीएस उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत युवा मोर्चा द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विनायकपुर, आलबरस, निकुम और थानौद में सदस्यता अभियान चलाया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा के पांचवें दिन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मुख्य रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी युवा मोर्चा भूपेंद्र नाग, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, माया बेलचंदन, चिंटू यादव, विक्रम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।




# महिलाओं से कार्यस्थल में अभद्र व्यवहार कलेक्टर से की गई लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ अश्लील भाषा का इस्तेमाल की शिकायत

महिला मुक्ति मोर्चा, मजदूर कार्यकर्ता समिति के नेतृत्व में दुर्ग जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत महिला सफ़ाई ठेका कामगारों के साथ कार्यस्थल पर अभद्र और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने की शिकायत जिलाधीश दुर्ग से की गई। महिला मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों को लगातर शिकायत मिल रहीं थीं कि, सफ़ाई ठेका महिलाओं के साथ सुपरवाइज़र और जोनल द्वारा कार्य के दौरान बहुत ही अभद्र भाषा से बात किया जाता हैं। जिसे महिलाओं किसी के समक्ष बोल भी नहीं सकती। जबकि विशाखा गाईड लाइन के अनुसार कार्यस्थल पर किसी भी महिला के साथ अभद्र व्यवहार करना गंभीर अपराध की श्रेणी में हैं। लगातार इस प्रकार की मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहीं कामगार महिलाओं ने इस बात को लेकर लिखित मांग ज्ञापन जिलाधीश को देकर अपनी वेदना रखी, जिस पर जिलाधीश ने इस पर कार्यवाही करने का अश्वासन दिया हैं। महिला मुक्ति मोर्चा ने आगे इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग से करने की भी बात कही हैं।

महिला मुक्ति मोर्चा की नीरा डेहरिया ने कहा कि, तमाम नगरीय निकायों में विशाखा गाईड लाइन का सख्ती से पालन हो और ऐसे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने आगे बताया की महिला कामगारों की दोहरी जिम्मेदारी होती हैं।






**खबर संक्षेप**

## भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय में स्थित गुणवत्ता नियंत्रण कक्ष में पहुँचकर चावल की गुणवत्ता जाँच के कार्य का भी अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने खाद्य गोदाम में उपस्थित जिला खाद्य अधिकारी एवं डिपो प्रभारी एवं गुणवत्ता नियंत्रक से इस गोदाम में खाद्यान भराव की क्षमता, लोडिंग–अनलोडिंग की प्रक्रिया तथा प्रत्येक स्टैक के लिए लगने वाली गाड़ियों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को गोदाम में अधिक से अधिक मिलरों का चावल जमा कराने के कार्य में प्रगति लाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## गन्ना उत्पादक किसानों ने सीएम साय से की भेंट, बताई समस्या

**बालोद।** जिला किसान उत्पादक किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की और गन्ना किसानों की समस्याओं की जानकारी देकर उनके निराकरण की मांग की। जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ के संरक्षक छगन देशमुख ने बताया कि यदि गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य 292 रूपये प्रति क्विंटल के अलावा 200 रूपये प्रति क्विंटल बोनस नहीं दिया गया, तो गन्ने की खेती घाटे की खेती होगी। यदि जिले में गन्ना का रकबा घटेगा तो शक्कर कारखाना के अस्तित्व पर ही संकट पैदा हो जायेगा। छगन देशमुख ने बताया कि देश के किसी भी राज्य में 450 रूपये क्विंटल से कम गन्ना नही खरीदा जाता।

**पर्व**


### श्रद्धा और आस्था का केंद्र है बुचिपुर का माता महामाया धाम

# नवरात्रि पर उमड़ रहा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इन दिनों शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम मनाया जा रहा है। जिले के सुप्रसिद्ध मंदिर माँ महामाया धाम बुचिपुर में नवरात्रि के पहले दिनों से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। इस नवरात्रि में यहां 1511 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। यहां प्रतिदिन महामाया समिति व क्षेत्रवासियों द्वारा जस गीत के माध्यम से माता सेवा की जा रही है। वहीं, रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। समिति द्वारा भक्तों के लिए पूरे पर्व पर प्रसादी और भोज भंडारा की व्यवस्था की गई है।

हाफ नदी के सुरम्य तट पर बसे ग्राम बुचीपुर में 70-75 घर की आबादी है। आज से 42 वर्ष पूर्व यहां पर मां महामाया घास-फूस की कुटी में स्थापित थी, जहां आज भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। इसकी प्रसिद्धि प्रदेश के अलावा अन्य प्रांतों में भी फैल चुकी है। साथ ही यह धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित हो चुका है। सर्वप्रथम सन, 1980 के चैत्र नवरात्रि पर्व पर इस मंदिर में 15 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई थी। उसके बाद मंदिर समिति का निर्माण सन 1981 में हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष गजाधर प्रसाद पाण्डेय मुंगवाए वाले हुए। सन 1977 में ग्राम बुचीपुर प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की नियुक्ति हुई। ग्रामीणों के आग्रह पर शिक्षक मां महामाया की सेवा में जुट गए, जो कि आज इस मंदिर समिति के एकमात्र कर्ताधर्ता हैं।



उन्हीं के मार्गदर्शन और जनसहयोग और माता की कृपा से 21 लाख रुपये की लागत से भव्य मंदिर निर्माण हुआ। इस भव्य मंदिर में तीन तल है। प्रथम तल में महालक्ष्मी की मूर्ति स्थापित है। दूसरे तल में मुख्य मंदिर है, जिसमें मां महामाया की मूर्ति स्थापित है। तीसरी मंजिल में मां महासरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई है। इस मंदिर में 52 गुंबज हैं, मंदिर की ऊंचाई 52 फीट तथा चौड़ाई 24 फीट एवं लंबाई 26 फीट है। इसके अतिरिक्त यहां ज्योति कलश कक्ष अलग है।

### 1994 से निरंतर जल रही है अखंड ज्योति

मंदिर समिति द्वारा आजीवन सदस्यों से प्राप्त राशि से प्रथम ज्योति दोनों पर्व में प्रज्ज्वलित होती है। एक वर्ष के लिए 6001 रुपये शुल्क लेकर अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाती है, जो कि सन 1994 से निरंतर जारी है।

### मालगुजार के मुख्तियार को स्वप्न में मिला आदेश

समिति के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया कि अठारहवीं शताब्दी में ग्राम बुचीपुर में ओंकारपुरी गोस्वामी मालगुजार हुए जिनका मुख्यालय ग्राम पेंड्रीतराई था और यह ग्राम बुचीपुर उनके मालगुजारी के अधीनस्थ जागीरी ग्राम था। उनके एक आम मुख्तियार ग्राम बुचीपुर के मूल निवासी ठाकुर राम वर्मा थे। यह दंपत्ति संतान हीन थे। एक बार ठाकुर राम को मालगुजार की हवेली में सोते हुए स्वपन्ना हुआ। वह ग्राम बुचीपुर में हवेली के सामने महामाया की मूर्ति की स्थापना करें और निःसंतान दंपत्ति श्रद्घा के साथ मां महामाया की पूजा अर्चना करें। सुबह आम मुख्तियार ठाकुर राम स्वप्न की बातों को मालगुजार के पास रखा। बस मालगुजार और मुख्तियार की आपस में सहमति हुई और तत्काल नवागढ़ जिसकी दूरी ग्राम से लगभग 16 किमी है, जहां तालाब के अंदर मां महामाया की मूर्ति थी को लेने सुंदर मुहूर्त निकालकर दोनों भक्त नवागढ़ आए मूर्ति को ले जाने का एक मात्र साधन उस जमाने में बैलगाड़ी थी। पूजा-अर्चना के बाद मूर्ति को गाड़ी में आरुढ किए फिर उनका काफिला ग्राम बुचीपुर के लिए कूच किया। रास्ते में मूर्ति की गाड़ी खड़ी हो जाती थी। वहां उसकी पूजा-अर्चना और बकरे की बली देकर पुनः वह गाड़ी वहां से प्रस्थान करती। कुछ दूर पर फिर रूक जाती तो फिर वहां नारियल तोड़ते हुए बकरे की बलि देते। इस तरह बुचीपुर पहुंचते 720 नारियल और तीन दौरी बकरा ग्राम बुचीपुर में अपने स्थापित होने की जगह में पधारी फिर सुंदर समय में मां महामाया की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आज आम मुख्तियार को तो कोई संतान नहीं है। परंतु मालगुजार के वंशज आज भी महामाया की पूजा में यथोचित समय देते चले आ रहे है। मूर्ति स्थापना के बाद वर्मा दंपत्ति की वैराग्य हो गया और नित्य सेवा में लीन रहते थे।

## विधायक ईश्वर ने लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद



**साजा।** अंचल में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर में विराजित मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने विधायक ईश्वर साहू पहुंचे। उन्होंने बाजार चौक साजा भरतपुर में माता के दरबार में माथा टेककर क्षेत्रवासियों की सुख शांति की कामना की।

## अमचो व पचभैया में धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि, जगमगा रही ज्योति

**दाढ़ी।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। दाढ़ी अंचल के ग्राम अमचो व पचभैया के माता मंदिर में जोत जंवारा की स्थापना की गई है। ग्रामीणों द्वारा मंदिर को सजाया गया है। गांव के शिक्षक नूतेश्वर चंद्राकर ने बताया कि महामाई मंदिर की स्थापना सन 1995 में की गई थी। तब से आज तक प्रत्येक वर्ष चैत्र व क्वांर नवरात्रि धूमधाम से मनाई जाती है। शाम को आसपास की जसगीत गायन टोलियां प्रतिदिन माता मंदिर में पहुंचकर सेवा गीत गा रही हैं। पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार किया गया। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। श्री चंद्राक ने बताया कि अष्टमी के दिन हवन पूजन के साथ महाआरती होगी।



## भाजपा नेता योगेश ने मां दुर्गा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि का पावन पर्व पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत बेमेतरा जिले में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह भव्य झांकियों और जगराता कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा नेता योगेश तिवारी विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। श्री तिवारी ने विभिन्न स्थानों पर स्थापित माँ दुर्गा के पंडालों में और माँ मावली माता तथा माँ शीतला माता के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत बेरला, ग्राम पंचायत दारगांव, ग्राम लाटा, हरदी (भिंभौरी), हरदी (माटरा), छोटे भिलौरी, बड़े भिलौरी, गोडगिड़ी, पेंड्रीतराई, कुरूद सहित कई अन्य गांवों में आयोजित जगराता और झांकी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रमों में मंशीज शर्मा, रितेश सिन्हा, संजीव साहू, आयुष जैन, गीतेश ताम्रकार, तेजस सुराना, हर्षद सुराना, छगनलाल सिन्हा, महेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

